प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

12.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00 बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा की बचत के लिए लोगों से ईंधन बचाने और विदेशी उत्पादों का उपयोग कम करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने पेट्रोल और डीजल का उपभोग कम करने और घर से काम, ऑनलाईन कक्षाएं व वर्चुअल बैठक जैसे उपाय अपनाने की अपील भी दोहराई। आयात कम करने और इस संकट से उबरने में देश की मदद के सामूहिक प्रयास पर बल देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इय समय लोगों को एकजुट होने और देश के संसाधनो पर बोझ कम करने का दायित्व निभाने की जरूरत है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने सेब उत्पादकों के लंबित बिलों के भुगतान के लिए मंडी मध्यस्थता योजना के तहत 20 करोड़ रुपये जारी करने के निर्देश दिए हैं। वे आज शिमला में आज एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने इस वर्ष 15 अप्रैल को की गई घोषणा के अनुसार सभी विभागों के चतुर्थ श्रेणी पेंशनरों के बकाया एरियर का भुगतान करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त और सेवा में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों के चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावों का भी शीघ्र निपटान किया जाए।

नीट–रद्द

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एन.टी.ए. ने चिकित्सकीय शिक्षा में दाखिले के लिए 3 मई को आयोजित नीट–यूजी 2026 परीक्षा रद्द करने का फैसला लिया है। सोशल मीडिया पोस्ट में एजेंसी ने कहा है कि यह फैसला विद्यार्थियों के हित व राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली पर टिके विश्वास को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। एन.टी.ए. ने बताया है कि सरकार ने पेपर लीक के आरोपों की पूरी जांच के लिए मामला केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई को सौंपने का निर्णय लिया है। एजेंसी ने कहा है कि वह सीबीआई के साथ पूरा सहयोग करेगी और जांच के लिए जरूरी सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता उपलब्ध कराएगी। एन.टी.ए. ने कहा कि परीक्षा के लिए नई तिथि अलग से अधिसूचित की जाएगी।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर मंडी की उपेक्षा करने का आरोप लगाया है। नगर निगम चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के लिए प्रचार के दौरान जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि मंडी में विकास कार्यों को गति देने के बजाय पूर्व भाजपा सरकार द्वारा आबंटित 15 करोड़ रूपए को सरकार ने वापिस लेकर दूसरी जगहों पर खर्च किया है जिससे स्पष्ट है कि सरकार की प्राथमिकता में विकास नहीं बल्कि राजनीतिक प्रतिशोध है।

मंडी में भारतीय जनता पार्टी पिछली बार भी नगर निगम बनाने में सफल हुई है और अबकी बार भी सफल होगी बहुत बड़े बहुमत के साथ। कांग्रेस की सरकार ने जिस प्रकार मंडी को और पूरे हिमाचल प्रदेश को नज़र अंदाज किया है, विकास कार्यों की दृष्टि से मंडी को एक बार नहीं अनेक बार जलालत की है। लोग जो हैं वो बहुत गुस्से में हैं वर्तमान कांग्रेस सरकार के खिलाफ और निश्चित रूप से भारतीय जनता पार्टी यहां पर बहुत बड़े बहुमत से जीतेगी।

निरीक्षण

चुनाव आयुक्त डॉक्टर सुखबीर सिंह संधु ने आज शिमला के समीप राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शोघी में मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं के लिए उपलब्ध सुविधाओं और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का जायज़ा भी लिया। सुखबीर सिंह संधु ने अधिकारियों को मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और सुचारू रूप से संपन्न करवाने के लिए सभी तैयारियां समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादल छाए हुए हैं, जबकि जनजातीय जिला लाहौल–स्पीति की ऊंची चोटियों पर आज सुबह हल्की बर्फबारी हुई है। बर्फबारी के कारण क्षेत्र में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। पिछले कुछ दिनों से रुक–रुक कर हो रही बारिश और ओलावृष्टि के कारण राज्य में अधिकतम तापमान सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र ने आज कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन और सिरमौर जिलों में कुछ स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बारिश, ओलावृष्टि और अंधड़ चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि हमीरपुर, बिलासपुर, कांगड़ा और ऊना ज़िले में कहीं–कहीं 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज़ हवाएं चलने और बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

———————————————————————